Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 28-04-2022 | अंक 210

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बरही पुलिस, डीटीओ एवं खनन विभाग के संयुक्त कार्यवाही में छह कोयला व तीन पत्थर लदा वाहन जब्त प्राथमिकी दर्ज, चार को भेजा गया जेल

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



पकड़े गए वाहन

बरही पुलिस, डीटीओ एवं खनन विभाग के संयुक्त छापेमारी में बरही रसोईया धमना मोड़ से छह कोयला से लदा वाहन एवं तीन पत्थर लदा वाहन को जब्त किया गया । वही इस मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त वाहनों द्वारा फर्जी पेपर बना कर झारखण्ड से कोयला एवं पत्थर बिहार व यूपी ले जाया जा रहा था । जिसकी सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। जानकारी देते हुए बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि सभी वाहनों को जब्त करते हुए 4 लोगो की गिरफ्तारी हुई है। वही कोयला लदा छह वाहनों पर बरही थाना कांड संख्या 168/22 धारा 467, 468, 414, 420, 379 भादवी, खनन एक्ट एवं अन्य धाराओं के तहत प्राथ. मिकी दर्ज किया गया। जब्त किए गए वाहनों में B R 2 7 G 6194,JH02AB 0069, BR276 5341,JH12S 6892] JH 10BT 3700 एवं JH10 AX 6132 शामिल है। वही पत्थर लदे वाहनों पर फाइन लगाने एवं अन्य विधि सम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।




## बिना अनुमति किसी के मकान पर पोस्टर पर्चा लगाना अचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा : पर्यवेक्षक

### बरही टाउन हॉल में पंचायत चुनाव के प्रत्याशियों के साथ बैठक, चुनाव नियम व आचार संहिता की दी जानकारी

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



आचार संहिता की जानकारी देते अधिकारीगण



बैठक में शामिल पंचायत चुनाव के प्रत्याशी गण

बरही टाउन हॉल में पंचायत चुनाव से संबंधित एक बैठक हुई।। जिसकी अध्यक्षता पर्यवेक्षक रवि रंजन विक्रम एवं संचालन एसडीओ पूनम कुजूर ने किया। बैठक में पर्यवेक्षक रवि रंजन विक्रम के अलावे एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर संजय कुमार प्रसाद, पंसस निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ पूनम कुजूर, मुखिया के निर्वाची पदाधिकारी सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य की निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में सभी प्रत्याशियों को आदर्श चुनाव आचार संहिता की जानकारी दी गई। निर्वाची पदाधिकारियों को आचार सं. हता को का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। पर्यवेक्षक श्री विक्रम ने कहा कि पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव कराना ही निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। उन्होंने प्रत्याशियों को चुनाव में उनके अधिकारों के बारे में बताया। अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के निजी मकान पर पोस्टर पर्चा लगाने के पहले मकान मालिक का परमिशन लेना अनिवार्य है। सरकारी भवन या बिजली पोल पर किसी भी प्रकार का पर्चा पोस्टर लगाना मना है। अचार संहिता का पालन नही करने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। समय पर व्यय पंजी का संधारण करने एवं सूचना देने को कहा गया। मौके पर कपिल प्रसाद केशरी, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, शमशेर आलम, विष्णुधारी महतो, छोटन ठाकुर, हरेंद्र गोप, पप्पू चंद्रवंशी, तस्लीम अंसारी, हीरामन साव, गोविंद साव, अनुज यादव, अब्दुल उर्फ संजय, विजय यादव, कशिश सिंह, सुनील चंद्रवंशी, राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, रघुवीर यादव, टेकलाल यादव, दशरथ यादव, मो ताजुद्दीन, मो नवाब अली, सैरा खातून सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर












## त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव से कुल 18 मुखिया प्रत्याशियों ने लिया नाम वापस, शेष 148 चुनावी मैदान में

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचायत चुनाव को लेकर किए गए नामांकन के बाद 28 अप्रैल तक नाम वापस करने का अंतिम तिथि थी। जहां नामांकन के अंतिम तिथि तक कुल 18 मुखिया प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया है जिसमे धनवार पंचायत से संजय प्रसाद कुशवाहा एवं नकुल कुमार, करियातपुर पंचायत से बिनोद रविदास एवं बिनोद कुमार, बरसोत पंचायत से सीता देवी एवं बीरेंद्र प्रसाद, विजैया पंचायत से राजमणि देवी, डपोक पंचायत से बेबी देवी, भंडारों पंचायत से सरस्वती देवी एवं सुजीता देवी, कोल्हुवाकला पंचायत से रविशंकर यादव, पंचमाधव पंचायत से कुसुम देवी, कोनरा पंचायत से कैशर प्रवीण, शाहनाज खातून एवं हसीबुन निशा, रसोईया धमना पंचायत से सुमनलता देवी एवं रशीदा खातून एवं बेंदगी पंचायत से पूजा कुमारी शामिल है। बाकी बचे सभी प्रत्याशियों को 29 अप्रैल को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा। चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही बाकी बचे प्रत्याशी पंचायत चुनाव में अपना अपना भाग्य आजमाएंगे।

## रेलवे ओवरब्रिज के गार्डवाल से टकराई कार, बाल बाल बचे कार सवार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



गया रोड रेलवे ओवरब्रिज के गार्डवाल से एक तेज गति से आ रही इनोवा कार टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गार्डवाल टूट गए। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर पुल के निचे चला गया। लेकिन गनीमत रही कि कार गार्डवाल से टकराकर सड़क पर ही रह गई। जिसके वजह से एक बड़ी घटना घटने से रह गयी। यदि गार्डवाल को तोड़ते हुए कार पूल से नीचे गिरती तो बड़ी हादसा हो सकती थी। घटना के बाद कई लोग वहां पहुंचे और कार में सवार लोगों को सुरक्षित पहुंचा दिया गया

## नामांकन वापसी के अंतिम दिन चार पंसस प्रत्याशियों ने लिया नाम वापस, पंचमाधव पंचायत से सुमिया देवी जीती निर्विरोध

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचायत चुनाव को लेकर किए गए नामांकन के बाद 28 अप्रैल तक नाम वापस करने का अंतिम तिथि थी। जहां नामांकन वापसी के अंतिम दिन बरही पश्चिमी पंचायत से गणेश प्रजापति, पंचमाधव पंचायत से रिंकी देवी, भंडारों पंचायत से सहानी खातून एवं दुलमहा पंचायत से निकिता कुमारी ने अपना नाम वापस लिया। वहीं पंचमाधव पंचायत से रिंकी देवी के नाम वापस लेने पर सुमीया देवी पति कामेश्वर रविदास निर्विरोध जीती। बाकी बचे 109 प्रत्याशियों को शुक्रवार को चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही प्रत्याशी पंचायत चुनाव में अपना अपना भाग्य आजमाएंगे




## विजैया भाग 20 से पंचायत समिति सदस्य पद के प्रत्याशी कैलाश यादव ने जन सम्पर्क कर मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विजैया भाग 20 से पंचायत समिति सदस्य पद के प्रत्याशी कैलाश यादव लगातार जनता के बीच जाकर अपनी भावी कार्ययोजना से अवगत करा रहे हैं।। उन्होंने बताया कि जनता यदि अपना आशीर्वाद देती है तो हमारा मुख्य जोर शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करना रहेगा। बढ़ती बेरोजगर युवकों के लिए स्वरोजगार सृजन के लिए प्रयास करेंगे। वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के लिए पंचायत में ही शि. विर लगाकर उनके सारी कागजी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सरकारी योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे इस पर पूरा ध्यान रहेगा। व्यवस्थित खेल मौदान एवम जात पात से ऊपर उठकर सभी के लिए काम करना हमारी प्राथमि. कता रहेगी। कैलाश यादव ने कहा कि इस बार विजैया की जनता युवा के साथ है। हम युवा को जनता का समर्थन जरूर मिलेगी।

## शिष्य कपिल प्रसाद केशरी के लिए पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी गुरु गणेश प्रजपति ने लिया नामांकन वापस

### कहा :- शिष्य कपिल केशरी ही करेंगे बरही प0 का सम्पूर्ण विकास

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शिष्य कपिल केशरी को आशीर्वाद देते गुरु गणेश प्रजापति



नाम वापस लेते गणेश प्रजापति

गुरु शिष्य का एक अनूठा प्रेम पंचायत चुनाव में भी देखने को मिल रहा है। गुरु के लिए शिष्य का त्याग एवं बलिदान की किस्से सुनने को मिलता है। लेकिन पंचायत चुनाव में एक गुरु ने अपने पूर्व में शिष्य रहे पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी के लिए अपना नामांकन वापस ले लिया। साथ ही उन्हें जीत का आशीर्वाद भी दिए। मामला बरही पश्चिमी पंचायत का है। बरही पश्चिमी पंचायत से पंचायत समिति सदस्य के प्रत्याशी के तौर पर गणेश प्रजापति एवं कपिल प्रसाद केशरी ने अपना अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। स्क्रूटनी के बाद जब दोनों का पर्चा सही पाया गया और दोनो का नाम मीडिया में सामने आया तो पता चला कि दोनों गुरु शिष्य हैं। जब कपिल प्रसाद केशरी को पता चला कि उनके गुरु रहे गणेश प्रजपति भी पंचायत समिति का चुनाव लड़ रहे हैं तो उनसे आशीर्वाद लेने ले लिए उनके घर पहुंचे । गुरु गणेश प्रजपति भी अपने शिष्य को देखकर काफी खुश हुए और उन्होंने खुद निर्णय लिया कि अपने शिष्य के लिए वे अपना नामांकन वापस लेंगे। गजब संयोग ही था कि एक ही क्षेत्र से गुरु और शिष्य पंचायत समिति सदस्य के रूप में नामांकन दाखिल किया। गुरु गणेश प्रजापति भूतपूर्व शिशु मंदिर आचार्य ।उसी विद्यालय का शिष्य कपिल केशरी को आशीर्वाद के रूप अपना नामांकन वापस लेने का निर्णय लिया। गणेश प्रजपति ने अपने भूतपूर्व शिष्य कपिल प्रसाद केशरी के समर्थन में आशीर्वाद स्वरूप अपना नाम वापस करते हुए कहा कि उनका शिध्य योग्य, कर्मठ एवं शिक्षित उम्मीदवार हैं। बरही पश्चिमी पंचायत समिति के विकास का जो मेरा विजन था उस विजन को उनका शिष्य कपिल केशरी जरूर पूरा करेंगे। इसी उमीद एवं विश्वास के लिए मैंने समर्थन दिया है। अपने गुरु के त्याग को आशीर्वाद स्वरूप ग्रहण करते हुए कपिल केशरी ने कहा कि गुरु गणेश प्रजा. पति ने उन्हें जो शिक्षा दी है। आज उनके द्वारा दिये गए शिक्षा के बदौलत ही हम इस लायक बना हूं कि पंचायत चुनाव लड़ सकूं और पंचायत के गरीब शोषित एवं अभिवंचित वर्ग को उनका वाजिब हक दिला सकूं। गुरु के निर्देशन में पंचायत का सम्पूर्ण विकास करूँगा और कभी उनके बिश्वास को टूटने नही दूंगा। अपने गुरु के त्याग से अभिभूत होकर उनके प्रति आभार जताया है।

## वार्ड सदस्यो में अब तक 93 निर्विरोध जीते, 251 प्रत्याशी मैदान में

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का नामांकन के पश्चात गुरुवार को नाम वापसी के प्रक्रिया के लिए कई प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस लिया। जिससे अब तक प्रखंड के 20 पंचायतों में कुल 93 प्रत्याशी नि. र्विरोध जीत चुके है। जिसमे बरही पूर्वी से 5, बरही पश्चिमी से 3, बरसोत से 3, पंचमाधव से 3, बेंदगी से 3, भंडारों से 6, विजैया से 6, डपोक से 3, धनवार से 1, दुलमहा से 8, गौरियाकर्मा से 1, करियातपुर 9, करसो से 4, केदारूत से 3, खोड़ाहार से 9, कोल्हुवाकला से 6, कोनरा से 9, मलकोको से 4, रानीचूवा से 3 एवं रसोईयाधमना से 4 प्रत्याशी शामिल है। चुनावी मैदान में अब कुल 251 प्रत्याशी रह गए है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर




## पंचायत समिति सदस्य पद के उम्मीदवार ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विकम सिंह**



चलकुशा :–प्रखंड अंतर्गत सलैयडीह पंचायत से पंचायत समिति पद के उम्मीदवार राम प्रसाद यादव पिता पोखण माहतो ने सलैयडीह पंचायत की जनता के बीच जनसंपर्क कर समर्थन मांगा है। राम प्रसाद यादव ने बताया कि मैं समाजसेवी के रूप में सलैयडीह पंचायत के साथ–साथ चल कुशा प्रखंड क्षेत्र के लोगों का सेवा किया हूं। जिसके कारण लोगों का समर्थन और आशीर्वाद मुझे मिल रहा है। जनता इस बार पंचायत समिति पद पर मुझे मौका दें। मैं जनता के हित के लिए जन समस्याओं को प्रखंड मुख्यालय में आवाज़ रखने का काम करूंगा। और मैं जनता को विश्वास दिलाता हूं कि किसी भी कार्य के लिए प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

## अफीम कोठी निवासी लखन की तबियत बिगड़ी, मुखिया प्रत्याशी ने इलाज में किया सहयोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



**मरीज लखन के साथ शमशेर आलम**

बरही पश्चिमी पंचायत के अफीम कोठी निवासी लखन रविदास की अचानक तबियत खराब हो गई थी। इसकी सूचना मिलने पर मुखिया प्रत्याशी शमशेर आलम उन्हें खुद हज़ारीबाग़ के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ0 अनवर इकराम के पास ले गए। उन्हें वहां 6 दिन भर्ती रखा गया। मुखिया प्रत्याशी ने अपने देख रेख में इलाज करवाया। साथ ही डॉक्टर से बात कर उन्हें इलाज में रियायत दिलाया। मुखिया के द्वारा किया गया सहयोग से लखन रविदास के परिजन उन्हें ध्न्यवाद एवं आभार प्रकट किया है। शमशेर आलम ने बताया कि वे हमेशा इसी तरह गरीबो की सेवा करते रहते हैं। जैसे ही उन्हें पता चला कि अफीम कोठी के रहने वाले लखन रविदास की तबियत खराब हो गई है। मैंने अपने निगरानी में उन्हें डॉ अनवर इकराम के पास ले गया। जांच में पता चला कि उन्हें ब्रेन हेम्ब्रेज हो गया है। मैंने परिजनो को ढाढस बंधाते हुए इलाज शुरु करवाया। 6 दिन बाद उसे सही सलामत वापस लाने का काम किया। फिलहाल घर मे वे स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पदमा प्रखंड अंतर्गत लाटी पदमा निवासी भूलन कुमार ओझा उम्र 30 वर्ष सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार भुलन कुमार को कोडरमा से वापस पदमा लौटने के क्रम में जवाहर घाट के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए । जानकारी मिलने पर आस पास के लोगो ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां से प्रा. थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## सेवा संपुष्टि के नाम पर वेतन बंद को लेकर कोडरमा जिले के शिक्षकों ने किया रोषपूर्ण विरोध- जिला अध्यक्ष

**अपेम लाईव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रशिक्षण उपरांत अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, कोडरमा एवं झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ,कोडरमा के संयुक्त तत्वाधान में एक अहम बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कोडरमा जिला अध्यक्ष शिव शंकर रजक एवं झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कोडरमा जिला अध्यक्ष राधेश्याम शुक्ला ने किया। बैठक की शुरुआत जिला महासचिव रवि कांत कुमार रवि ने किया एवं बैठक का संचालन जिला संगठन सचिव सुभाष चंद्रा ने किया। बैठक के मुख्य बिंदु शिक्षकों का माह अप्रैल से अगले आदेश तक वेतन बंद के फरमान को लेकर। वेतन बंद से सं. बंधित कारण सेवा- संपुष्टि। सेवा संपुष्टि के नाम पर शिक्षकों से सभी प्रमाण पत्रों की सत्यापन हेतु डिमांड ड्राफ्ट का मांग करना। ज्ञातव्य है कि वैसे -वैसे शिक्षकों से प्रमाणपत्रों एवं डिमांड ड्राफ्ट की मांग की गई है। जिनकी सेवा आज के तारीख में 38 वर्ष, 32 वर्ष, 30 वर्ष एवं 29 वर्षों की हो गई। इनमें से 1988 बैच के अनगिनत शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सेवानिवृत्त भी हो गए बगैर सेवा - संपुष्टि के ही। इस संबंध में संयुक्त संघ का कहना है कि हम लोगों का ई-सर्विस बुक का जब ऑनलाइन हो गया है । मूल सेवा पुस्तिका का सत्यापन हो चुका है। इतना ही नहीं ई विद्या वा. हिनी पर सभी प्रमाण पत्र अपलोड है। एचआरएमएस पूर्ण है वेरीफाई किया जा चुका है। डीएसई कोडरमा के ल०गइन आईडी से सभी शिक्षकों का सेवा सत्यापित है ।तब फिर से अनावश्यक रूप से शिक्षकों का मानसिक रूप से प्रताड़ित करना कहां तक उचित है । जबकि सेवा-संपुष्टि में मुख्य रूप से शुरुआत के 3 वर्षों का संतोषजनक सेवा अर्थात परीक्षण अवधि की ही मांग की जाती है जो कि प्रत्येक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदा. धिकारी के द्वारा अनुशंसा विगत 4 माह पूर्व की जा चुकी है ।जबकि इस संबंध में झारखंड के 24 जिलों में से कहीं का डीएसइ सेवा संपुष्टि के नाम पर शिक्षकों से इस प्रकार का मांग नहीं किया है। कईएक जिलों का सेवा संपुष्टि की सूची एवं लेटर भी है। संयुक्त रूप से बैठक में एक निर्णय लिया गया कि सोमवार दिनांक 2 मई 2022 को समय 3:00 अपराहन उपायुक्त, कोडरमा से संयुक्त रुप से एक शिष्टमंडल मिलेंगे। इस मंडल के रूप में जिला अध्यक्ष- शिव शंकर रजक ,जिला अध्यक्ष- राधेश्याम शुक्ला, जिला महासचिव -रवि कांत कुमार रवि, जिला उपाध्यक्ष -गांधी प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष- नित्यानंद ,जिला संगठन सचिव- सुभाष चंद्र, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा ,दिलीप कुमार बरनवाल, दशरथ रजक ,गोवर्धन यादव एवं महेंद्र प्रसाद शामिल रहेंगे। इस मौके पर उपस्थित शिव शंकर रजक, रवि कांत रवि, सुभाष चंद्र, महेंद्र बरनवाल, मनोज चौरसिया, गांधी प्रसाद, सुदीप सहाय, गोवर्धन यादव, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष -प्रदीप धोबी, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष -दिलीप कुमार बरनवाल, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष- अजीत कुमार आजाद, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष सूर्य देव कुमार ,सतगामा प्रखंड अध्यक्ष -राजेंद्र प्रसाद, मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष- विनोद कुमार सिन्हा, रमेश देव प्रजापति ,संजय सिंह ,रामू दास, मोहम्मद अला. उद्दीन, रंजन कुमार, सुबोध कुमार समदर्शी, राजू धोबी, संतोष कुमार पासवान, महादेव राम ,नरेश प्रसाद यादव ,केदार यादव, अनिल कुमार मिश्रा, अशोक कुमार सिंह, ब्रह्मदेव पासवान, सुरेंद्र कुमार ,संजीव कुमार, अमेरिका धोबी, विष्णु प्रसाद यादव, विजय कुमार ,अजय कुमार सिंह ,ओम प्रकाश कुमार रजक, विष्णु प्रसाद यादव, संजय कुमार वत्स, जय नारायण प्रसाद यादव ,राजेश कुमार, सुनीता कुमारी ,प्रमिला कुमारी ,विजय कुमार ,अमित वासके, हेमंत कुमार, पंकज कुमार ,विनोद कुमार ,गंगाधर महतो, देवनारायण राणा, संजय कुमार, विजय कुमार ठाकुर ,राजेंद्र प्रसाद यादव ,रीता कुमारी ,विमला कुमारी सिन्हा ,पूनम प्रसाद, ज्योति देवी ,लीलावती कुमारी, धनेश्वर राम, गुलाब राम ,मोहम्मद जिलानी, उदय सिंह, उपेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

## सुरेश साव के समर्थन में उतरे सुनील साहू, बैठक कर जिताने पर बनी रणनीति

### 20 वर्षो से सक्रीय राजनीति में है सुरेश, जनआकांक्षाओ पर खरे उतरेंगे : सुनील साहू

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जिला परिषद भाग दो से उम्मीदवार सुरेश साव के पक्ष में भाजपा नेता सुनील साहू ने प्रमेश्वर यादव लाइन होटल में बैठक किया। भाग दो क्षेत्र से आये समर्थकों संग मिलकर चुनावी जीत के लिए रणनीति बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री सुनील साहू ने कहा कि सुरेश साव पिछले 20 वर्षो से सक्रिय राजनीति में रहकर जनहित कार्य कर रहे है। कहा सुरेश साव ईमानदार व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति है। सुरेश साव जनहित समस्याओं को लेकर जनआकांक्षओ पर खरे उतर रहे है। सुनील साहू ने जनता से अपील किया कि सुरेश कुमार साव को अपना बहुमूल्य मत देकर विजय बनावे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद भाग दो उम्मीदवार सुरेश कुमार साव ने सभी समर्थकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं हमेशा जनहित मुद्दों पर अपनी रा. जनीति किया हूँ और भविष्य में भी करता रहूंगा। कहा अगर जनता हमे एक बार मौका देगी तो भाग दो में आने वाले सभी पंचायतो में विकास की गंगा बहा दूंगा। मौके पर भाजपा नेता सीताराम साव, गजाधर प्रसाद, सांसद प्रति. निधि राजेन्द्र चनद्रवंशी, मुकेश सिंह, नरेंद्र पांडेय, रंजीत पांडेय, मोहन साव, कृष्णा साव, कपिल देव गुप्ता, बिरेन्द्र राणा, रामाधीन तुरी, सुभाष राणा, विकास साव, राजेन्द्र राणा, सूरज साव, राहुल साव, अमीत शर्मा, बैजनाथ ठाकुर, मनोहर चनद्रवंशी सहित अन्य।









# श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम चरित मानस महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अंतर्गत बेंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित मोतीलेदा पंचायत के कोल्हासिंघा गांव में आगामी एक मई से प्रारंभ होने वाली श्री श्री 1008श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम चरित मानस महायज्ञ की तैयारी अन्तिम चरण में है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रितलाल प्रसाद वर्मा और सचिव नरेश कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि यज्ञ की भव्य तैयारी की जा रही है जो कि अन्तिम चरण में है। यज्ञ का कार्यक्रम निम्नवत प्रकार से होना हैरू- 01/05/2022रविवार को भव्य कलश यात्रा, पंचांग पुजन, मंडप प्रवेश, संध्या आरती एवं रात्रि में कथा प्रवचन02/05/2022 सोमवार को वेदी आवाह्ल पूजन, पाठ प्रारंभ, कर्मकुटी और संध्या आरती कथा प्रवचन03/05/2022 मंगलवार को अग्नि मंथन, जलाधिवास और संध्या आरती, कथा प्रवचन 04/05/2022बुधवार को अन्नाधिवास, फलाधिवास और संध्या आरती कथा प्रवचन05/05/2022 गुरूवार को पुष्पाधिवास, घृताधिवास और संध्या आरती कथा प्रवचन 06/05/2022शुक्रवार को वस्त्राधिवास, द्रव्याधिवास और संध्या आरती कथा प्रवचन07/05/2022 शनिवार को महास्नान, नगर भ्रमण और संध्या आरती कथा प्रवचन 08/05/2022रविवार को प्राण प्रतिष्ठा और संध्या आरती कथा प्रवचन 09/05/2022सोमवार को यज्ञ पूर्णाहुति और भव्य भंडारायज्ञाचार्य के रुप में अवध धाम से संजय कृष्ण शास्त्री, कथावाचिका साध्वी सुश्री रत्नामणि दिवेदी वृंदावन से और कथावाचक केरूप में श्री ध्रुव जी महाराज अयोध्या से पधार रहे हैं। प्रतिदिन कथा प्रवचन के उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। यज्ञ समिति कोल्हासिंघा आप सभी को यज्ञ स्थल पर सादर आमंत्रित करती है। सपरिवार पधारे और यज्ञ समिति को सेवा करने का मौका दें। हमारे यज्ञ समिति के सफल संचालन में जितेंद्र कुमार वर्मा (कोषाध्यक्ष), द्वारिका प्रसाद वर्मा (उपाध्यक्ष) सुनिल वर्मा, मुकेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार, रवि कुमार, दिलीप कुमार, पूरन कुमार, निर्मल वर्मा, रामसेवक यादव, सुरेंद्र वर्मा, बबलू महतो, अनिल कुमार, पप्पू कुमार सहित समस्त ग्रामीणों का तन मन और धन से सहयोग कर रहे हैं। यज्ञ समिति आप सभी का आभारी हैं।

# भाकपा माले ने बरगंडा स्थित पुराना पुल को लेकर दिया अल्टीमेटम

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह शहर के बरगंड़ा स्थित पुराना पुल की जर्जर हालत को लेकर भाकपा माले नेता क०मरेड राजेश सिन्हा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पुराना उसरी पुल को नेता जी गए है भूल।पुराना उसरी पुल जल्द बनाये वरना नए पुल पर भाकपा माले आम आवाम के साथ मिलकर सांकेतिक धरना करेंगी। रोजाना लाखों राहगीर प्रभावित हो रहे है, डीएवी स्कूल कॉलेज,ब्लॉक आदि जाने में कई किलोमीटर घूम के जाना होता है। उन्होने झारखंड में पूर्व की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की बीजेपी सरकार काल मे चुनाव से पहले जनता को धोखा देने के लिए यहाँ ढोल नगाड़ों के साथ यहाँ खूब माला पहने थे नेता जी,अब नेता जी रघुवर दास जी के अड़ियल सरकार चलाने की नीति से हार गए है। वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब आए है नए नेता जे एम एम से उनको बड़ी उमीद से शहर वाले वोट दिए थे मगर आज लगभग तीन साल हो गए पहल के नाम पर जनता को कह दिया जाता है कि विभागीय गड़बड़ी है,तो सरकार आपके पार्टी की है आप बिभाग को ठीक करिए। गिरिडीह के प्रतिनिधि सुस्त होते है शुरू से रिकॉर्ड रहा है,सांसद कभी गिरिडीह के बने नहीं तो जीत कर दूसरे इलाके में सांसद का पॉवर इस्तमाल करते है,जनता वोट के लिए तैयार है ही, इसे बदलना होगा। उन्होने यह भी कहा कि जल्द भाकपा माले पर्चा बांटेगी और जनता से आग्रह करेगी कि आप वर्तमान नेता जी और जिला प्रशासन को अपनी ताकत दिखाए और एक दिन पुराना पुल और नया पुल को भी प्रशासन को आवेदन देकर सांकेतिक जाम करें,सिर्फ एम्बुलेंस या इमरजेंसी का आगमन बा.धित नहीं होगा,इस तरह के कार्य से ही प्रशासन और प्रतिनिधि जो आपके दम पर बन जाते है,उनको भी जागने का मौका मिलेगा। इसके लिए सिहोडीह,सिरसिया,बरगंडा,मकतपुर,पटेल नगर,आदि की जनता को डायरेक्ट सड़क पर आना होगा,सिर्फ वोट देकर प्रतिनिधि को बना रहे है तो आवाज भी उठाना आपको ही पड़ेगा,माले आपके साथ है,गिरिडीह के माले की टीम बैठ्कर जल्द इसपर बड़ा निर्णय लेने जा रही है। उन्होने कड़ी चेता.वनी जारी करते हुए कहा कि अगर बरसात के पूर्व पुल का निमार्ण कार्य नही हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन,जल्द पर्चा छपवाकर माले जनता को सड़क पर उतरने के लिए आवाहन करेगा।

# स्लग-गैस सिलिंडर फटने से लगी आग दो दूकान जलकर हुई राख

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



खबर-गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बरवाडीह गाजी नगर मुहल्ले में हाजी मंजूर के किराना दुकान में बुधवार शाम गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से दो दुकानें जलकर राख हो गई और तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 75वर्षीय रियाज, 10वर्षीय बंटी और दूकान संचालक हाजी मंजूर है । घायलों का इलाज स्थानीय निजी क्लिनिक में किया जा रहा था। गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने पर अफरातफरी मच गई।घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि हाजी मंजूर अपने किराने की दूकान में गैस रिफलिंग का कारोबार करता है। संभवतः गैस रिफलिंग के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट हुई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगी, थोड़ी देर के लिए अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना पाकर डीएसपी संजय राणा, नगर थाना प्रभारी रामनारायण चौधरी और मुफसिल थाना प्रभारी विनय राम सदलबल घटना स्थल पर पहुंचे और अग्नि.नशामक विभाग को सुचना दी। मौके पर पहुंचे अग्नि.नशामक दस्ते ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक दो दुकानें जलकर राख हो चुकी थी।

# पूर्वी जॉन के जिला परिषद उम्मीदवार ने कराया नॉमिनेशन जनता से किया उम्मीद

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का तैयारी पूरे जोर शोर से उम्मीदवारों ने तैयारी कर रहा है। बिरनी प्रखंड अंतर्गत पूर्वी जोन के जिला परिषद उम्मीदवार सूरज सुमन उर्फ रामधनी वर्मा ने जिला परिषद उम्मीदवार अपने अप पूर्वी जोन के विकास करने के लिए और जनता की सेवा करने के लिए गुरुवार को न०मिनेशन करवाया। न०मिनेशन करने के बाद वहां के लोगों ने पूरे जोर-शोर से उनका स्वागत किया गया वही पूर्वी जोन के जिला परिषद उम्मीदवार रामधनी वर्मा ने बताया कि हम अपने ज०न के लिए जितना भी है ज्यादा से ज्यादा विकास करेंगे वहीं जनता की सेवा दिन रात करेंगे वही जिला परिषद उम्मीदवार ने बताया कि हम मैं अपने पूरे जीवन में जनता से अपील करते हैं कि इस बार हमें जिला परिषद बनाएं ताकि अपने पूरे जीवन में भ्रष्टाचार को खत्म कर सके आगे भी बताया कि हम जनता के लिए दिन भर खड़ा रहेंगे समस्या आने पर

# पंचायत के विकास में वार्ड का अहम योगदान होता है : रोहित कुमार

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**रोहित कुमार**



गिरिडीह (बेंगाबाद) : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का घोषणा होते ही चुनाव में उतरने वाले सभी लोगो ने ताबड़तोड़ विभिन्न पदों के लिए दावेदारी करते पर्चा दाखिल कर रहे है। वही लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास जताते हुने जनसेवा की भावना से क्षेत्र के सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेने वाले बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत मानजोरी पंचायत के वार्ड क्रमांक 3 से लोगो के चहेते उम्मीद्वार रोहित कुमार वार्ड सदस्य प्रत्यासी के लिए नामांकन किया और अपने जीत का दावा करते हुए कहा की जनता के विश्वास और भरोसे को कायम रखते हुवे सत्य को आवाज को बुलंदस किया जाएगा। इन्होने अपने पंचायत की जनता से अपील करते हुवे कहा की आपके सुख में शामील हो पाऊं या नहीं हो पाऊ परंतु दुःख की घड़ी और समस्याओं में आप हर समय रोहित कुमार को अपने पास, करीब और साथ पाएंगे। कहा की लोगों के घरों में बिचौलिए प्रत्यासी आपके घर आयेंगे लेकिन आपको तय करना है की कौन कितना कारगर, जनमुद्दों पर मुखर आवाज समेत आपके हक की आवाज बन सकता है और जिले के सभी कार्यालयों, बाबुओं अथवा किसी भी मामले जो गांव के हित के लिए सर्वोपरि हो उसके लिए लड़ सकता है यह सोच समझ कर है अपने मत का प्रयोग पंचायत के हित में करना हैं। ध्यान रहे जनप्रति.निधियों को आपने देखा जिसमे उन्होने पंचायत के विकास में वार्ड सदस्य की अहम् क्या किया और क्या बाकी रहा इस मामले में भूमिका होती है और बेहतर वार्ड सदस्य आपको टिका टिप्पणी करना नहीं चाहता बल्कि यह वादा बेहतर पंचायत बना कर सुविधाओं को दिलाने का काम करेगी।

# गावां में बिजली की आंखमिचौली से परेशान है लोग, व्यवसाय भी है प्रभावित

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : इन दिनों गावां में बिजली की समस्या इस कदर बढ़ गयी है कि लोग परेशान हो चुके है। एक तो भीषण गर्मी और चिलचिलाती धुप ने सबका जीना दुस्वार कर रखा है और उसपर बिजली का नहीं रहना बेहद परेशान करने वाली समस्या है। गावां में पिछले सप्ताह भर से बिजली आँख मिचौली खेल रही है, बिजली आती है और कुछ ही मिनटों में चली भी जाती है, ऐसे में इस गर्मी में घरों में रहना बहुत ही मुश्किल हो गया है। लोग विचलित हो रहे है क्योंकि न तो वे बिना बिजली के घर में रह सकते है और न इस भीषण गर्मी में बाहर जा सकते है। बताया जाता है कि बिजली की समस्या सिर्फ गावां में ही नहीं बल्कि पुरे झारखण्ड में है। बिजली की समस्या से जहाँ आम जनता परेशान है, व्यवसायी वर्ग में भी काफी नाराजगी है क्योंकि बिजली नही रहने से व्यवसाय काफी प्रभावित हो गया है। उन्होंने सरकार से पूछा कि आखिर गावां में कब हमलोगों को बिजली समस्या से निजात मिलेगा।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन के तीसरे दिन मुखिया पद के लिए 18 एवं वार्ड के लिए 30 का हुआ नामांकन

## नामांकन को लेकर प्रखण्ड कार्यालय के समीप उमड़ी भीड़

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के नामांकन को लेकर प्रखण्ड कार्यालय में गुरुवार को उम्मीदवारों और उम्मीदवार के समर्थकों की खूब भीड़ देखी गई।गुरुवार को मुखिया पद के लिए कुल 18 और वार्ड सदस्य पद के लिए 30 लोगो ने अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।मुखिया के लिए आर वो विजय दास एवं वार्ड के लिए बी डी ओ हुलास महतो के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया गया।गुरुवार को लोगो ने शुभ मुहूर्त देख कर उम्मीदवारों ने निर्वाची पदा. धिकारी के समक्ष पर्चा दाखिल किए।दाखिल पर्चा में मुखिया पद के लिए कैंडीनगर से 4,बक्चुम्बा से 01,चिरिदिरी से 01,कोल्हैया से 01,राजपुर से 04,मदगड़ा से 04,तुल. बुल से 03 कुल 18 एवं वार्ड पार्षद के लिए मदगड़ा से 09 कैंडीनगर से 04, तुलबुल से 09 जमरी बक्सपुरा से 05,कोल्हैया से 01,चिरिदिरी से 02 एवं बक्चुम्बा पंचायत से 01 वार्ड सदस्य के लिए नामांकन पत्र भरा।वही मदगड़ा पंचायत से मुखिया उम्मीदवार शारदा देव ने माँ भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रखण्ड कार्यालय अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पहुंच कर नामांकन पत्र दाखिल की।नामांकन के बाद शारदा देवी ने कही की मदगड़ा के वर्तमान मुखिया योगेश यादव पिछले पांच वर्षो में अच्छा कार्य किए हैं। और जो कार्य अधूरा है पंचायत की जनता की आशीर्वाद से पूरा करूंगी।मुझे जनता की अपार जनसमर्थन भी मिल रहा है।वही बक्चुम्बा पंचायत से मंजू देवी ने अपने दजनो समर्थकों के साथ नामांकन की।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022के प्रत्याशियों को देना होगा चुनाव खर्च का ब्यौरा

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण और द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। पंचायत चुनाव लड़नेवाले प्रत्येक उम्मीदवारों के लिए प्रचार प्रसार और मतदाताओं से जनसंपर्क अभियान चलाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे प्रत्येक प्रत्याशियों के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण कार्य चुनाव खर्च का ब्यौरा देना है। पिछले 2015के पंचायत चुनाव में जिन प्रत्याशीयों ने चुनावी खर्च का ब्यौरा जमा नहीं किया उसे वर्तमान चुनाव में अयोग्य घोषित कर दिया चुनाव आयोग ने। इसलिए चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अपने खर्चों के हिसाब किताब की लेखा पंजी का जांच कराना अनिवार्य है। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अपने चुनावी खर्च संबंधी पंजी को कम से कम एक बार जांच के लिए आयोग द्वारा अधिकृत व्यय प्रेक्षक के समक्ष अवश्य प्रस्तुत करे। लेखा पंजी की जांच उम्मीदवारी वापस लेने के दुसरे दिन से लेकर मतदान समाप्ति के 48घण्टे पूर्व किसी भी समय कार्यदिवस में की जा सकेगी। चुनाव आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि यदि कोई उम्मीदवार सुचना मिलने के बाद भी चुनाव खर्च से संबंधित पंजी एवं उससे संबंधित काग. जात प्राधिकृत व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत नही करता है तो इसे गंभीर अपराध मानते हुए उम्मीदवार के खिलाफ़ आ. ईपीसी की धारा 171(1) के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# विष्णुगढ़ में मुखिया के 23 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में पर्चा दाखिल कर अपने समर्थकों के साथ खड़ी एक मुखिया उम्मीदवार

विष्णुगढ़ में गुरूवार को मुखिया के लिए 23 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं, 30 अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रपत्र क्रय किए। इसके अलावा वार्ड सदस्य पद के लिए गुरूवार को 67 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा। वार्ड सदस्य के लिए नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों की संख्या 83 रही। नामांकन प्रपत्र खरीदगी एवं दाखिल करने के लिए दिन भर प्रखंड कार्यालय में गहमागहमी का माहौल रहा। अपने समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे उम्मीदवारों ने पूरे जोशो खरोश के साथ नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पूर्व एवं बाद में उम्मीदवारों के पक्ष में समर्थकों द्वारा की जा रही नारेबाजी का शोर गूं. जता रहा। इससे फूल मालाओं से लदे उम्मीदवारों में नई उर्जा की अनुभूति प्रतीत होती देखी गई। समर्थकों के साथ कई उम्मीदवार ढ़ोल-बाजे के साथ नामांकन के लिए प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। विष्णुगढ़ प्रखंड में मुखिया के अब तक कुल 31 तथा वार्ड सदस्य के 88 उम्मीदवार पर्चा दाखिल कर चुके हैं। वहीं, मुखिया के लिए कुल 219 तथा वार्ड सदस्य के लिए 391 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्रों की खरीदगी की है। कयास लगाया जा रहा है कि अगले दो-तीन दिनों में नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

APEM LIVE

# करंट लगने से महिला गंभीर

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत बल्गो पंचायत के चिरुडीह गांव में एक महिला बिजली करंट लगने से घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक बता दे कि महिला दोपहर तीन बजे कपड़ा धोने के बाद कपड़ा फैला रही थी। इसी क्रम में उनको पता नहीं चला कि इस वायर में बिजली करंट दौड़ रही है। जिसके बाद महिला ने जैसे ही कपड़ा फैलाई उसे बिजली ने अपने चपेट में ले लिया और घायल हो गई। ग्रामीण के सहयोग से बिजली कटौती किया गया। महिला की जान बचाई गई

# बड़कागांव प्रखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन आज से 6 मई तक, 27 मई को मतदान एवं 29 मई को मतगणना होगा

## 3 जिप सदस्य, 27 पंसस, 23 मुखिया, 274 वार्ड सदस्य पद निर्धारित

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए बड़कागांव प्रखंड में चौथे चरण के लिए नामांकन 29 अप्रैल से लेकर 6 मई तक लिया जाएगा। पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार भी प्रखंड में 3 जिप सदस्य,27 पंसस, 23 मुखिया, 274 वार्ड सदस्य पद के लिए चुनाव निर्धारित किया गया है । कूल 1,02,999 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।

तेज गर्मी के साथ-साथ चुनावी सरगर्मी भी तेज हो गई है। पंचायत चुनाव को लेकर क्षेत्र में बढ़ती सरगर्मी भीषण गर्मी पर भी भारी पड़ती दिख रही है। प्रत्याशी चौक-चौराहों के होटल से लेकर अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर दावेदार व मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए हैं।

**बड़कागांव प्रखंड के पंचायतों के नाम व वोटरों कि संख्या-**

बड़कागांव कुल 23 पंचायतों के नाम व कुछ वोटरों कि संख्या है। जिसमें नापोखुर्द 5581, तलसवार 3301,पोटंगा 5003,आंगो 3709,हरली 4815, उरीमारी 3453, गरसुला 4081, बादम 6538,गोंदलपुरा 4176,महुंगाई कला 5356,चंदौल 3583 ,सांढ 4086,नयाटांड 3684, चोपदार बलिया 4806,कांडतरी 5831, बड़कागांव पूर्वी 4732, बड़कागांव मध्य 4410, बड़कागांव पश्चिमी 4732,चेपाकला 4651 ,डाडी कलां 3993,सिंदवारी 4422, सिकरी 3732, सिरमा पंचायत में 4366 वोटरों कि संख्या है।

चौथे चरण के चुनाव की प्रक्रिया को शुरू होने के साथ ही कड़ी धूप में चुनावी मैदान में उतरने के लिए बेताब दिख रहे हैं। चौक-बाजार से लेकर गांवों में वर्षो से सुनी चौखट की भी अब रौनक बढ़ने लगी है। चौक-चौराहों से लेकर सभी जगह पंचायत चुनाव की ही चर्चा होने लगी है। चुनाव लड़ने के लिए दावेदार के साथ अपनी-अपनी जीत की नीति बनाने में लोग जुट गए हैं। पंचायत चुनाव में उम्मीदवारी को लेकर युवाओं में जुनून देखी जा रही है। इसके लिए जहां वर्तमान जनप्रतिनिधि अपने-अपने कार्यकाल के कामकाज का खाका तैयार करने में लगे हैं तो वही संभावित प्रत्याशी वर्तमान जनप्रतिनिधि के खिलाफ मुद्दे तलाशने में लगे हुए हैं।संभावित प्रत्याशियों ने फेसबुक, वाट्सएप पर पेज और ग्रुप बनाकर लोगों को जोड़ने में वे जुटे है। फिलहाल चुनावी सरगर्मी उम्मीदवारों के सर चढ़कर बोलने लगी है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पदवार नाम-निर्देशन शुल्क रखा गया है।

इसमें वार्ड सदस्य जनरल कैटेगरी का 100 रुपये, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला के लिए 50 रुपये, मुखिया जनरल के लिए 250 रुपये, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला के लिए 125 रुपये, पंचायत समिति सदस्य जनरल कैटेगरी का 250 रुपये, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला के लिए 125 रुपये, जिला परिषद सदस्य जनरल के लिए 500 रुपये, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला के लिए 250 रुपया शुल्क निर्धारित किया गया है।

# विष्णुगढ़ पूर्वी से जिप सदस्य के लिए राजेन्द्र मंडल ने कराया नामांकन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



हजारीबाग समाहरणालय में नामांकन दाखिल करते समाजसेवी राजेन्द्र मंडल

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर विष्णुगढ़ का माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। हर ओर सिर्फ पंचायत चुनाव की चर्चा सरेआम है। चुनावी समर में किस्मत आजमाने वाले योद्धाओं का चेहरा अब सामने आने लगा है। मतदाता भी उनके आकलन में जुट गई है। तीसरे चरण के लिए विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या में प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। गुरूवार को विष्णुगढ़ पूर्वी से जिला परिषद सदस्य के लिए समाजसेवी राजेंद्र मंडल ने हजारीबाग समाहरणालय में पर्चा दाखिला करवाया। नामांकन के उपरांत राजेन्द्र मंडल ने कहा कि यदि जनता अपना आशीर्वाद देती है तो क्षेत्र में सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाने का प्रयास करूंगा। इसके बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास की बयार मिलेगी। कहा कि पूर्वी क्षेत्र से प्रखंड मुख्यालय की दूरी 25-30 किलोमीटर के दूरी में है। क्षेत्र में एक अदद उच्च विद्यालय का भी अभाव है। जिससे उच्च शिक्षा प्राप्त करने में छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी होती है। कहा कि चुनाव जीतने के बाद मेरा पहला प्रथमिकता शिक्षा, गांव ग्राम की चौमुखी विकास, किसान विधवा, गरीब, असहाय लोगों की पहली सेवाएं प्रदान करना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली आदि समुचित व्यवस्था गरीब किसान जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे। कहा कि चुनाव मैदान में उतरने के लिए मेरा एक ही मुद्दा है। अपने प्रखंड गांव पंचायत को विकास करना है। नामांकन कार्यक्रम में राजेंद्र मंडल के समर्थन में बड़ी संख्या में समर्थक एवं ग्रामीण शामिल थे।

